भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 963

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
7 श्रावण, 1946 (शक)

खेल केंद्रों की स्थापना

963. श्री सुधीर गुप्ता:

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार देश में जिला स्तर पर खेल केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों के साथ कोई परामर्श किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों के परिणाम या प्रतिक्रिया क्या रही है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए कोई विशेष धनराशि उपलब्ध कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) जिला स्तर पर खेल सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों को स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार द्वारा की गई पहल देश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से, उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने में लाभकारी होगी?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): "खेल" राज्य का विषय होने के कारण इसलिए जिला स्तर पर केंद्रों की स्थापना सहित खेलों को बढ़ावा देने और उनके विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों की है। तथापि, केंद्र सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों के साथ-साथ भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा कार्यान्वित की जा रही खेल प्रोत्साहन स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों में सहायता करती है।

खेलो इंडिया स्कीम के तहत, केंद्रों/अकादमियों को खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार से प्राप्त होते हैं। तदनुसार, देश भर में 1059 जिला

स्तरीय खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किए गए हैं। अब तक अधिसूचित सभी केआईसी का ब्यौरा “https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers” पर उपलब्ध है।

(घ) और (ङ): इस उद्देश्य के लिए कोई विशेष धनराशि जारी नहीं की गई है। तथापि, साई अपने क्षेत्रीय केंद्रों को विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए धनराशि आवंटित करता है। इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत राज्यों को जारी की गई धनराशि का ब्यौरा अनुबंध-I पर दिया गया है।

(च) जी हाँ। साई विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए देश भर में विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों को लागू करता है। इनमें से अधिकांश एथलीट देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से आते हैं।

*****

अनुबंध-I

खेल केंद्रों की स्थापना के संबंध में श्री सुधीर गुप्ता तथा श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे द्वारा दिनांक 29.07.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 963 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) - विगत तीन वित्तीय वर्षों में जारी धनराशि (राज्य-वार)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जारी की गई धनराशि (₹ में)			
		वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (यूटी)	-	-	-	21,00,000
2	आंध्र प्रदेश	4,00,000	1,01,00,000	1,23,00,000	22,88,400
3	अरुणाचल प्रदेश	12,00,000	30,00,000	-	4,87,00,000
4	असम	-	2,31,00,000	-	4,55,00,000
5	बिहार	-	-	-	3,11,31,935
6	चंडीगढ़ (यूटी)	14,00,000	35,00,000	-	27,00,000
7	छत्तीसगढ	-	49,00,000	-	2,30,16,116
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	2,00,000	5,00,000	5,00,000	25,25,000
9	दिल्ली (यूटी)	8,25,000	50,00,000	10,50,000	83,82,704
10	गोवा	-	14,00,000	-	8,18,760
11	गुजरात	-	-	98,00,000	1,75,90,566
12	हरियाणा	22,30,000	45,00,000	1,01,50,000	1,78,25,000
13	हिमाचल प्रदेश	6,00,000	99,25,000	15,00,000	51,91,600
14	जम्मू और कश्मीर (यूटी)	2,80,00,000	24,99,167	2,12,75,000	6,46,42,419
15	झारखंड	-	-	-	1,90,48,335
16	कर्नाटक	-	2,17,00,000	93,00,000	39,95,424
17	केरल	20,00,000	66,11,667	1,34,00,000	40,75,000
18	लद्दाख (यूटी)	22,00,000	20,00,000	-	30,00,000
19	लक्षद्वीप (यूटी)	-	-	-	9,37,500
20	मध्य प्रदेश	-	3,08,00,000	2,11,14,072	61,20,212
21	महाराष्ट्र	32,00,000	3,38,00,001	1,40,60,118	2,28,00,000
22	मणिपुर	6,42,500	1,22,00,000	10,00,000	1,83,61,296
23	मेघालय	-	1,26,00,000	-	1,14,00,000
24	मिजोरम	-	14,00,000	4,00,000	1,65,00,000

25	नगालैंड	28,00,000	1,08,00,000	-	2,75,00,000
26	ओडिशा	2,00,000	5,00,000	-	1,75,00,000
27	पुदुचेरी (यूटी)	-	-	-	28,00,000
28	पंजाब	8,00,000	22,00,000	15,00,000	2,47,51,370
29	राजस्थान	16,00,000	50,00,000	-	3,26,62,062
30	सिक्किम	-	49,00,000	-	75,00,000
31	तमिलनाडु	2,00,000	5,00,000	1,99,25,000	2,04,05,892
32	तेलंगाना	-	14,00,000	1,25,00,000	1,32,99,690
33	त्रिपुरा	6,00,000	15,00,000	70,00,000	21,00,000
34	उतार प्रदेश	5,49,69,167	45,00,000	38,25,000	4,64,75,000
35	उत्तराखंड	10,07,167	20,00,000	1,08,00,000	1,75,00,000
36	पश्चिम बंगाल	-	-	-	1,70,38,536
कुल योग		**10,50,73,834**	**22,28,35,835**	**17,13,99,190**	**60,81,82,817**

******